पत्रांक—डी0डी0—2—विविध—301/2023 (पार्ट—III) 8708(म)

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

सेवा में,

मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक—20/10/23

विषयः— दिनांक 17.10.2023 को प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के साथ योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में प्राप्त निदेशों के अनुपालन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 17.10.2023 को प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के साथ योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक के क्रम में प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शेखपुरा जिला में 520 आसन वाले पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, कैमूर जिला में 520 आसन वाले पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय एवं बक्सर जिला में 520 आसन वाले पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर खेद प्रकट किया गया है।

अतः उक्त क्रम में निदेशित किया जाता है कि कार्य स्थल पर जाकर वर्तमान स्थिति से अवगत होकर कार्य की अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

~~अनु0ः यथोक्त।~~

विश्वासभाजन

20/10/23

(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— 8708(म) पटना/दिनांकः— 20/10/23

प्रतिलिपिः—अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा/मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भभुआ/बक्सर/ शेखपुरा, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/10/23

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— 8708(म) पटना/दिनांकः— 20/10/23

प्रतिलिपिः—आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/10/23

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव